मतदाता मार्गदर्शिका
2020 प्रांतीय आम चुनाव

व्यक्तिगत रूप से सुरक्षित तरीके से मतदान करें

मतदान स्थल **15 अक्टूबर से 21 अक्टूबर** और चुनाव के दिन, **24 अक्टूबर** को खुले रहेंगे। **wheretovote.elections.bc.ca** पर अपने नज़दीकी मतदान स्थल का पता लगाएँ

या

मेल द्वारा मतदान

अपने मतदान पैकेज का जल्द से जल्द अनुरोध करें:
votebymail.elections.bc.ca पर जाएँ या **1-800-661-8683** पर कॉल करें

ELECTIONS BC
A non-partisan Office of the Legislature

elections.bc.ca / 1-800-661-8683

विषय-सूची

प्रांतीय चुनाव का ऐलान हो गया है 1

महत्वपूर्ण तिथियाँ और अनुस्मारक 2

कोविड-19 के दौरान सुरक्षित रूप से मतदान 3

आपके व्यक्तिगत रूप से मतदान के विकल्प 6

मेल द्वारा मतदान 8

जोखिम वाले मतदाताओं और विकलांग मतदाताओं के लिए सेवाएँ 11

प्रांतीय चुनाव का ऐलान हो गया है

शनिवार, 24 अक्टूबर, 2020 के दिन प्रांतीय चुनाव का ऐलान हो गया है।

B.C. के योग्य मतदाता लेजिस्लेटिव असेंबली के 87 सदस्यों का चुनाव करने के लिए मतदान कर रहे हैं। प्रत्येक सदस्य एक निर्वाचक जिले (जिसे एक चुनावी प्रान्त या निर्वाचन क्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है) का प्रतिनिधित्व करता है और लेजिस्लेटिव असेंबली में उनकी एक सीट होती है।

आप प्रांतीय चुनाव में मतदान कर सकते हैं यदि आप निम्न शर्तों को पूरा करते हैं:

- **24 अक्टूबर, 2020** को आपकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो,
- आप एक कनाडाई नागरिक है, और
- **23 अप्रैल, 2020** से B.C. के निवासी है।

कोविड-19 महामारी के कारण इस चुनाव में मतदान अलग तरीके से होगा। मतदान प्रक्रिया सुरक्षित और सुलभ हो यह सुनिश्चित करने के लिए चुनाव B.C. प्रांतीय स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय के साथ काम कर रहे हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि मतदाताओं को अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा और मतदान करने के अपने अधिकार में से किसी एक का चयन न करना पड़े।

सभी मतदाताओं के पास व्यक्तिगत रूप से या मेल द्वारा मतदान करने का विकल्प है। व्यक्तिगत रूप से मतदान के सभी स्थलों पर फ़िज़िकल डिस्टेंसिंग सहित अन्य सुरक्षात्मक उपायों का प्रबंध किया जाएगा।

महत्वपूर्ण तिथियाँ और अनुस्मारक

यदि आप मेल द्वारा मतदान करना चाहते हैं, तो जल्द से जल्द चुनाव B.C. से मतदान पैकेज का अनुरोध करें।

votebymail.elections.bc.ca पर जाएँ या **1-800-661-8683** पर कॉल करें।

आपका भरा हुआ मतदान पैकेज शनिवार, **24 अक्टूबर, 2020** को शाम 8:00 बजे (पैसिफ़िक टाइम) तक चुनाव BC को **प्राप्त हो जाना चाहिए**। आपके चुनाव पैकेज का समय सीमा में प्राप्त होना सुनिश्चित करने के लिए इसे जल्द से जल्द मेल करें।

दोपहर 1 बजे पैसिफ़िक टाइम 2 अक्टूबर	**उम्मीदवार नामांकन पूरा हो गया है।** *उम्मीदवारों की अंतिम सूची elections.bc.ca पर पोस्ट की जाएगी।*
15 अक्टूबर से 21 अक्टूबर	**अग्रिम मतदान** *पुरे प्रान्त में मतदान स्थल सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक (स्थानीय समय) खुले रहेंगे।*
24 अक्टूबर	**चुनाव दिवस** *पुरे प्रान्त में मतदान स्थल सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक (स्थानीय समय) खुले रहेंगे।*

नवीनतम जानकारी के लिए **elections.bc.ca** पर जाएँ।

सुरक्षित मतदान और कोविड-19

महामारी के दौरान सुरक्षित रूप से मतदान करने में मतदाताओं की मदद के लिए मतदान स्थानों पर सुरक्षात्मक उपाय किए जाएँगे। महामारी संबंधी मतदान प्रोटोकॉल, प्रांतीय स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय से परामर्श के अनुसार बनाए गए हैं। यदि आप व्यक्तिगत रूप से मतदान करते हैं तो आप निम्न की उम्मीद कर सकते हैं:

- फ़िज़िकल डिस्टेंसिंग
- मतदान स्थल की क्षमता की सीमा
- निजी सुरक्षा उपकरण (जैसे मास्क और फ़ेस वाइज़र) पहने हुए चुनाव अधिकारी
- सुरक्षात्मक अवरोध
- हैंड सैनिटाइज़िंग स्टेशन
- मतदान केंद्रों और अक्सर छुए जाने वाली सतहों की नियमित सफ़ाई
- सुरक्षित कार्यस्थल दिशानिर्देशों और महामारी प्रोटोकॉल के लिए प्रशिक्षित चुनाव कार्यकर्ता

मतदान स्थल, हमारे मतदान स्थल की सुरक्षा योजना में उल्लिखित नियमों का पालन करेंगे जिसमें WorkSafeBC द्वारा प्रदान किया गया इनपुट शामिल है।

कुछ परिचित मतदान प्रक्रियाएँ भिन्न हो सकती हैं। उदाहरण के लिए, आप मतदान करने के लिए अपनी पात्रता के लिए मतदान बुक पर हस्ताक्षर करने की बजाय मौखिक घोषणा करेंगे।

फ़िज़िकल डिस्टेंसिंग रखने में मदद करने के लिए चुनाव अधिकारियों के निर्देशों और मतदान स्थल के संकेतक का पालन करें। आपको मतदान से पहले और बाद में अपने हाथों को सेनिटाइज़ करने के लिए कहा जाएगा।

यदि आप बीमार हैं या सेल्फ़-आइसोलेशन में हैं, तो **मतदान स्थल पर न जाएँ**। मेल द्वारा मतदान पैकेज का अनुरोध करें या सहायता के लिए चुनाव BC को 1-800-661-8683 पर कॉल करें।

elections.bc.ca/safevoting पर और जानें।

अगर मुझे व्यक्तिगत रूप से मतदान करना हो तो मुझे क्या लाना चाहिए?

- आईडी जिस पर आपका नाम और घर का पता दिख रहा हो। स्वीकृत आईडी की सूची के लिए **elections.bc.ca/id** पर जाएँ।
- आपका मतदान कहाँ करना है कार्ड। इसके लिए चुनाव B.C. का मेल देखें। इसे अपने साथ मतदान स्थल पर लाने से मतदान करना त्वरित और आसान हो जाएगा।
- अपने मतपत्र को चिह्नित करने के लिए अपनी स्वयं की पेन या पेंसिल, यदि आप चाहें।
- मतदान स्थल में लगाने के लिए एक मास्क, यदि आप चाहें। हम मतदाताओं को मतदान करते समय दुसरो की सुरक्षा के लिए एक मास्क पहनने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। मतदान करने के लिए आपसे आपका मास्क को हटाने के लिए नहीं कहा जाएगा।

आपका मतदान कहाँ करना है कार्ड इस तरह दिखाई देगा।

आगे



ADVANCE VOTING — Advance voting places are wheelchair accessible and open from 8 a.m. to 8 p.m. (local time) on the dates checked.	DATES OPEN Thurs Oct 15	Fri Oct 16	Sat Oct 17	Sun Oct 18	Mon Oct 19	Tues Oct 20	Wed Oct 21
Advance voting place 1, 100 Main St, Victoria, BC	✓	✓			✓	✓	✓
Advance voting place 2, 200 Main St, Victoria, BC	✓		✓	✓	✓	✓	✓
Advance voting place 3, 300 Main St, Victoria, BC	✓	✓	✓	✓		✓	✓
Advance voting place 4, 400 Main St, Victoria, BC		✓	✓	✓	✓	✓	
Advance voting place 5, 500 Main St, Victoria, BC	✓	✓				✓	✓
Advance voting place 6, 600 Main St, Victoria, BC		✓	✓	✓	✓		

पीछे

आपके व्यक्तिगत रूप से मतदान के विकल्प

व्यक्तिगत रूप से मतदान के सभी स्थलों पर महामारी प्रोटोकॉल लागू होंगे। अधिक जानकारी के लिए पेज 3 देखें।

अग्रिम मतदान स्थलों पर मतदान

15 अक्टूबर से 21 अक्टूबर | सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक (स्थानीय समय)

आपको अग्रिम मतदान स्थल पर मतदान करने के लिए एक विशेष कारण की आवश्यकता नहीं है - यह सभी मतदाताओं के लिए एक विकल्प है। ध्यान दें कि कुछ अग्रिम मतदान स्थल प्रत्येक अग्रिम मतदान के दिन खुले नहीं होंगे। अग्रिम मतदान स्थल और उनके खुले रहने की तिथि की जानकारी **wheretovote.elections.bc.ca** या अपने मतदान कहाँ करना है कार्ड पर पाएँ।

चुनाव दिवस के दिन मतदान

24 अक्टूबर | सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक। (स्थानीय समय)

मतदाताओं को चुनाव के दिन मतदान स्थल निर्दिष्ट किए जाते हैं। आम तौर पर अपने निर्धारित मतदान स्थान पर मतदान करना अधिक तेज़ होता है, लेकिन अधिक सुविधाजनक होने पर आप किसी अन्य मतदान स्थल पर मतदान कर सकते हैं। अपने नियत मतदान स्थल को **wheretovote.elections.bc.ca** या अपने मतदान कहाँ करना है कार्ड पर पाएँ।

मतदान स्थल

अभी भी मतदान स्थलों की पुष्टि की जा रही है, लेकिन जानकारी निम्न पर उपलब्ध होगी:

- चुनाव BC की वेबसाइट **wheretovote.elections.bc.ca** पर
- अग्रिम मतदान शुरू होने से पहले हर पंजीकृत मतदाता को भेजे गए कहाँ मतदान करना है कार्ड पर और
- **1-800-661-8683** पर कॉल करके

जिले के निर्वाचन कार्यालय में मतदान

अब से लेकर **24 अक्टूबर** शाम 4 बजे (पैसिफ़िक टाइम) तक।

आप प्रांत के किसी भी जिला निर्वाचन कार्यालय में मतदान कर सकते हैं या मेल द्वारा मतदान पैकेज ले सकते हैं। कार्यालय सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक और शनिवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक खुले रहेंगे। अग्रिम मतदान के दौरान कार्यालय सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक खुले रहेंगे। कार्यालय स्थानों की सूची **elections.bc.ca/deo** पर प्राप्त करें।

मेल द्वारा मतदान

मेल द्वारा मतदान केवल चुनाव के दौरान दूर रहने वाले मतदाताओं के लिए नहीं है। यह सभी पात्र मतदाताओं के लिए एक विकल्प है। मेल द्वारा मतदान उन मतदाताओं के लिए एक अच्छा विकल्प है, जो महामारी के कारण व्यक्ति रूप से मतदान करने में सहज नहीं हैं।

यदि आप मेल द्वारा मतदान करना चाहते हैं, तो मेल द्वारा मतदान पैकेज का अनुरोध करने के लिए चुनाव BC से संपर्क करें। आपका पैकेज आपको मेल किया जाएगा। आप निम्न माध्यमों से अनुरोध कर सकते हैं:

- **votebymail.elections.bc.ca** साइट पर जाकर
- चुनाव BC को **1-800-661-8683** पर कॉल करके

यदि आप अपना मेल द्वारा मतदान पैकेज स्वयं लेना चाहते हैं, तो निकटतम जिला निर्वाचन कार्यालय से संपर्क करें। स्थानों की सूचि की लिए **elections.bc.ca/deo** पर जाएँ या चुनाव BC को कॉल करें।

आपके मेल द्वारा मतदान पैकेज को पूरा करने के निर्देश पैकेज में शामिल हैं। यदि आप एक पंजीकृत मतदाता नहीं हैं या आपकी जानकारी पुरानी है, तो पंजीकरण करने या आपकी जानकारी अपडेट करने के निर्देश भी आपको मतदान पैकेज में मिलेंगे।

आपका मेल द्वारा मतदान पैकेज इस तरह दिखेगा।



आगे

पीछे

आप अपना मेल द्वारा मतदान पैकेज किसी भी जिला निर्वाचन कार्यालय, मतदान स्थल या सर्विस BC के स्थान पर स्वयं जाकर वापस दे सकते हैं।

आप अपना पैकेज मेल से भी लौटा सकते हैं। कनाडा के मतदाताओं के लिए एक डाक शुल्क भुगतान किया हुआ वापसी लिफ़ाफ़ा प्रदान किया जाता है। यदि कनाडा के बाहर से मेल कर रहें हैं, तो आपको आवश्यक डाक शुल्क देना होगा।

भरा हुआ मेल द्वारा मतदान पैकेज चुनाव BC को **24 अक्टूबर 2020** को शाम 8 बजे (पैसिफ़िक टाइम) तक **प्राप्त हो जाना चाहिए**। मतदाताओं को उनका पैकेज समय सीमा में प्राप्त होना सुनिश्चित करने के लिए उसे जल्द से जल्द वापस करने की सलाह दी जाती है।

जोखिम वाले मतदाताओं और विकलांग मतदाताओं के लिए सेवाएँ

जोखिम वाले मतदाता व्यक्तिगत रूप से मतदान के बारे में चिंतित हो सकते हैं। चुनाव BC सभी मतदाताओं के लिए एक सुरक्षित और सुलभ चुनाव के लिए प्रतिबद्ध है और हमने सहायता के लिए सेवा की व्यवस्थ की है, चाहे आप व्यक्तिगत रूप से मतदान कर रहे हों या दूरस्थ स्थान से। चुनाव अधिकारियों को मतदाताओं को मतदान सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है और विकलांग और स्वास्थ्य समस्याओं वाले मतदाताओं के लिए सेवाएँ उपलब्ध हैं।

अपना मतपत्र चिन्हित करने के लिए सहायता प्राप्त करना

यदि मतदाता अक्षम हैं या उन्हें लिखने या पढ़ने में समस्या है तो वे उनका मतपत्र चिन्हित करने के लिए सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यदि आपको अपना मतपत्र चिन्हित करने के लिए सहायता चाहिए तो मतदान स्थल के चुनाव अधिकारी से संपर्क करें।

नेत्रहीन या दृष्टिबाधित मतदाताओं के लिए संसाधन

ब्रेल उम्मीदवार सूची, नेत्रहीन या दृष्टिबाधित मतदाताओं को उनके मतपत्र चिह्नित करने में मदद के लिए बड़े प्रिंट मतपत्र पोस्टर और प्लास्टिक के मतपत्र टेम्पलेट सभी मतदान स्थलों पर उपलब्ध हैं।

मतदान स्थल की उपलब्धता

सभी अग्रिम मतदान स्थलों और अधिकांश सामान्य मतदान स्थल व्हीलचेयर के लिए सुगम हैं। जो मतदाता मतदान स्थल में प्रवेश नहीं कर सकते, वे बिल्डिंग के बाहर (फुटपाथ या पार्किंग स्थल पर) मतदान कर सकते हैं।

अनुवादक

मतदाता स्वयं की मदद के लिए अनुवादक को मतदान स्थल पर ला सकते हैं। अनुवादक को यह बताना होगा कि वे अनुवादक के रूप में कार्य करने में सक्षम हैं और अपनी क्षमताओं के अनुसार ऐसा करेंगे।

प्रश्न?

महामारी के दौरान सुरक्षित रूप से मतदान करने के बारे में जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएँ या हमसे संपर्क करें।

elections.bc.ca | 1-800-661-8683

इस मार्गदर्शिका का अनुवाद
elections.bc.ca/translations पर उपलब्ध है।

सोशल मीडिया पर चुनाव BC को फ़ॉलो करें:

@ElectionsBC

ELECTIONS BC
A non-partisan Office of the Legislature